-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी के अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर नवीन तैनाती की दी गई शुभकामनाएं।**

विवरण- आज दिनांक 25.05.2025 को क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी का जनपद बांदा से अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण वातावरण में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलास बंसल द्वारा उनके उत्कृष्ट सेवाभाव और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए नवीन तैनाती की शुभकामनाएं दी गई। श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी ने भी अपने कार्यकाल के दौरान प्राप्त सहयोग हेतु समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया तथा बांदा जनपद से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। गौरतलब हो कि क्षेत्राधिकारी श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी दिनांक 05.11.2021 को जनपद में नियुक्त हुई थी। लगभग 43 माह का कार्यकाल पूर्ण कर उनका स्थानांन्तरण अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ हुआ है। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।